भारतीय साधारण बीमा निगम

"सुरक्षा", 170, जे. टाटा रोड, चर्चगेट, मुंबई - 400 020

‘एक्चुरियल अभ्यर्थी’ के रूप में चयन करने के लिए भारतीय निवासियों से आवेदन आमंत्रित हैं.

जीआइसी री जो कि 'भारतीय राष्ट्रीय पुनर्बीमाकर्ता' के रूप में जानी जाती है तथा विश्वस्तर की कंपनी है और 5 बिलियन यूएसडी डॉलर वाली पुनर्बीमाकर्ता है, एवं दुनिया में 11 वीं सबसे बड़ी पुनर्बीमा कंपनी, है जिसका नेट्वर्क भारत और विदेशों में फैला हुआ है, **को स्नातक / स्नातकोत्तर पदवी प्राप्त ऊर्जावान, नौजवानों की आवश्यकता है, जिन्होंने निम्नलिखित क्षेत्र में उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकार्ड के साथ इंस्टीट्यूट ऑफ एक्चुएरीज ऑफ इंडिया (आईएआई) / इंस्टीट्यूट एंड फ़ेकल्टी ऑफ एक्चुएरीज, यूके द्वारा आयोजित परीक्षा के कम से कम 7 एक्चुरियल विषय पास किए हैं.**

I. **रिक्तियों की कुल संख्या: 7** * (गैर-जीवन पुनर्बीमा के लिए चार और जीवन पुनर्बीमा और एक के लिए दो तथा ऑब्लिगेट्री सेल के लिए एक)

* आरक्षण सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार लागू होंगे.

आरक्षित श्रेणियों के लिए रिक्त पदों की संख्या सहित कुल रिक्तियों की संख्या को अंतिम चयन के समय रिक्तियों की कुल संख्या के आधार पर, बढाया या घटाया जा सकता है.

II. पात्रता शर्तें : 30.09.2020 को

आयु: 21 वर्ष (पूर्ण) और 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात उम्मीदवार का जन्म 30.09.1993 से पहले और 30.09.1999 के बाद न हुआ हो, इसमें दोनों उल्लिखित दिन सम्मिलित हैं. ओबीसी के लिए 30 वर्ष तक और एससी / एसटी के लिए 35 वर्ष की छूट है. पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट नियमानुसार है.

शैक्षणिक अर्हता :

I. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मुख्य विषय के रूप में गणित या सांख्यिकी के साथ विज्ञान में कुल 60% या अधिक अंकों के साथ स्नातक / स्नातकोत्तर या

ii. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मुख्य विषय के रूप में सांख्यिकी / एक्चुरियल साइंस में कुल 60% या अधिक अंकों के साथ वाणिज्य में स्नातक / स्नातकोत्तर या

iii. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रमुख विषय के रूप में एक्चुरियल साइंस के साथ 60% या अधिक अंकों के साथ कला में स्नातक या

iv. एक्चुरियल साइंस में 50% या अधिक अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिप्लोमा.

(एससी / एसटी उम्मीदवारों के लिए अंकों में 10% की छूट).

तथा

उम्मीदवार को इंस्टीट्यूट ऑफ एक्चुअरीज ऑफ इंडिया (आइएआइ) या इंस्टीट्यूट एण्ड फ़ेकल्टी ऑफ एक्चुएरीज (आइएफए) द्वारा आयोजित परीक्षा के कम से कम 7 एक्चुरियल विषय उत्तीर्ण करने चाहिए.

III. स्टाइपेंड तथा अन्य लाभ :

मासिक स्टाइपेंड :

कम से कम 7 या 8 विषयों के साथ	₹ 14,000/-
9 या 10 विषय	₹ 15,000/-
10 विषयों से अधिक	₹ 16,000/-

IV. सेवा शर्तें:

- शिक्षुता की अवधि तीन वर्ष.
- 10 या अधिक विषय उत्तीर्ण करने के बाद सहायक प्रबंधक पद की पात्रता पर विचार किया जा सकता है
- प्रशिक्षुओं को 3 साल समाप्त होने तक कुल नौ विषय उत्तीर्ण करने होंगे.
- यदि प्रशिक्षु अपनी पहले 3 वर्षों की प्रशिक्षुता अवधि में 9 विषय उत्तीर्ण कर लेता है तो उसे 1 वर्ष (एससी / एसटी उम्मीदवारों के मामले में 2 वर्ष) की एक और विस्तारण अवधि दी जाएगी ताकि वह एक और विषय उत्तीर्ण करके अपने 10 पेपर पूरे कर ले.
- तीन वर्षों के भीतर यदि 9 विषय उत्तीर्ण न हों पाएं तो शिक्षुता समाप्त कर दी जाएगी.

V. चयन प्रक्रिया:

- साक्षात्कार / समूह चर्चा (केवल मुंबई में आयोजित की जानी है).
- सभी पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार / समूह चर्चा के लिए बुलाया जाएगा और उनका चयन साक्षात्कार / समूह चर्चा में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा.
- उम्मीदवारों का अंतिम चयन मेडिकल परीक्षा के अधीन होगा.
- चयनित उम्मीदवारों की तैनाती जीआइसी री के प्रधान कार्यालय में होगी.
- चयनित उम्मीदवार दोनों धाराओं यानि जीवन और गैर-जीवन के लिए चुने जाएंगे.

सहायक प्रबंधक के रूप में समावेशन :

नियमित आधार पर समावेशन, न्यूनतम 10 प्रश्नपत्रों को पास करने के बाद, सहायक प्रबंधक (स्केल I अधिकारी) के रूप में प्रति माह मूल वेतन रु. 32,795/- पर रु. 32795 -1610(14)-55335-1745(4)-62315 तथा अन्य स्वीकार्य भत्ते जैसे डीए, एचआरए, सीसीए, इत्यादि को मिलाकर प्रति माह कुल प्राप्ति 53,400 रुपए होगी. इसके अलावा अन्य लाभ जैसे न्यू पेंशन योजना तथा समाचार पत्र / इंटरनेट भत्ता, छुट्टी यात्रा सब्सिडी, मेडीक्लेम लाभ, व्यक्तिगत दुर्घटना कवर, आवास और सब्सिडी दर पर वाहन ऋण, और त्योहार, प्राकृतिक आपदाओं के लिए ब्याज मुक्त अग्रिम और नियमों के अनुसार और निगम में सेवा की पुष्टि हो जाने पर नियमानुसार अन्य लाभ रहेंगे. अधिकारी, मानदंडों के अनुसार निगम आवास / लीज़ पर आवास के लिए भी हकदार हैं. (वर्तमान में निगम के स्वामित्व

वाले आवास उपलब्ध नहीं हैं, परंतु मानदंडों के अनुसार लीज़ पर आवास की अनुमति दी जाएगी). मुंबई में नियम और शर्तों के अधीन वर्तमान लीज आवास सीमा राशि रु.30,000 / - प्रति माह है.

निगम से जुड़ने से पहले 10 या उससे अधिक उत्तीर्ण एक्चुअरी विषयों के साथ चयनित प्रशिक्षु या जिन्होंने निगम से जुड़ने के बाद उत्तीर्ण किए हों, उन्हें निगम में स्केल I अधिकारी के रूप में समावेशित होने से पहले अनिवार्य रूप से प्रशिक्षु के रूप में कम से कम 1 वर्ष की सेवा के लिए परिवीक्षाधीन होना पड़ेगा. अर्थात सभी प्रशिक्षुओं को स्केल I अधिकारी के रूप में समावेशित होने से पहले न्यूनतम एक वर्ष के लिए प्रशिक्षु के रूप में निगम में सेवा प्रदान करनी होगी. स्केल I अधिकारी के रूप में समावेशित प्रशिक्षु को स्केल I संवर्ग में प्रत्यक्ष भर्ती अधिकारी के रूप में माना जाएगा.

VII. आवेदन प्रक्रिया :

- इच्छुक उम्मीदवार अनुबंध के अनुसार निर्धारित आवेदन पत्र में आवेदन कर सकते हैं.
- जाति प्रमाण पत्र (जहाँ भी लागू हो) स्कूल लीविंग प्रमाण पत्र / मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र जिसमें जन्मतिथि या जन्म प्रमाण पत्र अलग से दिख रहा हो, डिग्री प्रमाणपत्र और मार्क-शीट, एक्चुएरियल पेपर उत्तीर्ण करने के प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रतियों को संलग्न करें.
- आवेदन के दाएं शीर्ष के कोने पर पासपोर्ट आकार की तस्वीर चिपकाएं.
- इसके बाद आवेदन पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन कॉपी के साथ ईमेल आईडी recruitment@gicofindia.com पर भेजें.

साक्षात्कार / समूह चर्चा के दौरान, मूल आवेदन पत्र को मूल प्रमाण पत्रों के साथ लाया जाना है.

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 25 अक्तूबर, 2020

नोट :

संबंधित प्रमाणपत्रों की प्रतियों के बिना प्राप्त अधूरे तथा देरी से प्राप्त होने वाले आवेदन अस्वीकृत माने जाएंगे.

निगम ऊपर उल्लिखित किसी भी स्थिति में संशोधन या परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

दिनांक: 09-10-2020 — उप महाप्रबंधक

स्थान : मुंबई — (मा.स.वि.)

भारतीय साधारण बीमा निगम
एक्चुरिअल प्रशिक्षु के लिए आवेदन

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 25 अक्टूबर, 2020

1. पूरा नाम (अंग्रेज़ी के केपिटल अक्षरों में): ____________________

2. पत्राचार हेतु पिन कोड सहित पता :

   ____

   ____

   एसटीडी कोड सहित दूरध्वनि क्र,: ____________ मोबाईल क्र. : ____________

3. जन्मतिथि (dd/mm/yyyy): ____________________

   दिनांक 30.09.2020 को पूर्ण वर्षों में आयु : ____________________

4. संवर्ग (सामान्य/ओबीसी/एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी): ____________________

5. लिंग (पुरुष/स्त्री): ____________________

6. वैवाहिक स्थिति(अविवाहित/विवाहित/विधवा/विधुर): ____________________

7. नागरिकता : ____________________

8. क्या आप अल्पसंख्यक समुदाय के हैं (यदि हाँ समुदाय का उल्लेख करें - मुस्लिम / ईसाई / बौद्ध / सिख / पारसी / अन्य-निर्दिष्ट करें): ____________________

9. शैक्षणिक अर्हता :

उत्तीर्ण परीक्षा	बोर्ड/विश्वविद्यालय	उत्तीर्ण माह तथा वर्ष	अंकों का प्रतिशत	प्रयासों की संख्या
इंटरमीडिएट				
स्नातक				
स्नातकोत्तर				
अन्य				

10. तकनीकी अर्हता:

उत्तीर्ण परीक्षा	बोर्ड/विश्वविद्यालय	उत्तीर्ण माह तथा वर्ष	अंकों का प्रतिशत	प्रयासों की संख्या
बीमा				
एक्चुरिअल				
कंप्यूटर				
अन्य अर्हता				

अन्य जानकारी : ____

घोषणा :

मैं एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूं कि ऊपर इस आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं. मैं समझता/समझती हूं कि किसी भी सूचना के असत्य, गलत या अपूर्ण पाए जाने की स्थिति में या यदि मैं पात्रता मानदंड को पूरा न करने के कारण अयोग्य हूं, तो आवेदन किए गए पद के लिए मेरी उम्मीदवारी को भर्ती के किसी भी स्तर पर रद्द / अस्वीकार किया जा सकता है.

तारीख: आवेदक के हस्ताक्षर:

स्थान: